## खबर संक्षेप




### नगर में संत-समागम स्थल का शुभारंभ

**नैनपुर।** श्री हनुमान गढ़ी सेवा समिति द्वारा वर्ष 1972 में भगवान श्री भोले नाथ श्री चन्द्रविजयते नमः के नाम से भगवान को उदासीन काशीमुनि नागा बाबा के सानिध्य में स्थापना कराई गई थी तथा धूनासाहब को प्रज्वलित किया गया था जो अनेक वर्षों तक प्रज्वलित होता रहा बाद मुनी श्री के जाने से धूना साहब स्वमेव शांत हो गये धीरे धीरे मंदिर पुराना होता गया और क्षतिग्रस्त हो गया। नव गठित श्री हनुमान गढ़ी सेवा समिति द्वारा भक्त जनों के मंशानुरूप क्षतिग्रस्त मंदिर स्थल में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी समिति अध्यक्ष शिव नामदेव व समिति के वरिष्ठ जनो के द्वारा भूमिपूजन किया जाकर मंदिर का जीणोद्धार कार्य किया जाना प्रारंभ किया गया है। जन सहयोग से संचालित निर्माणाधीन मंदिर परिसर में एक स्थान भी निर्धारित कर संत-समागम स्थल तैयार किया गया जहां आगंतुक संत संन्यासियों साधु एंव परिक्रमावासियों को विश्राम करने स्थान मिल पावेगा जिसका शुभारंभ 14 जनवरी 2025 को मकरसंक्रांति के पावन पर्व किया गया।

### प्रसव पीड़ा के चलते बीच रोड में ही जुड़वां बच्चों का हुआ जन्म

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विकासखंड केवलारी के ग्राम चौरापाटा में गर्भवती महिला ने पप्रसव पीड़ा के चलते बीच रास्ते में ही स्वास्थ्य दो नवजात बच्चों को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य ठीक है। केवलारी 108 में ग्राम चौरापाटा से गर्भवती महिला सुरभि कुर्वेति पति मनोज कुर्वेति को हॉस्पिटल लेकर जाते समय रोड में महिला को दर्द होने लगा। महिला की कंडीशन को देखते हुए 108 में पदस्थ एमडी डॉ. राजेंद्र यादव के द्वारा नॉर्मल डिलीवरी कराए गया और पायलट अनीत साहू समय को देखते हुए नैनपुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

### मीना बिसेन बनीं भाजपा जिलाध्यक्ष, जिले की कमान अब महिला सशक्तिकरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी के संघात्मक चुनाव में जिला भाजपा अध्यक्ष पद का दायित्व महिला नेत्री मीना बिसेन को सौपा है । मीना बिसेन के ऊपर भरोसा जताया है कि जिला भाजपा को एक नई ऊर्जा मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी मैं कल चौथी लिस्ट जारी करते हुए सिवनी जिले की कमान महिला नेत्री के हाथों पर सौंपी है बुधवार की रात चौथी लिस्ट जारी करी गई जिसमें सिवनी जिले का भार मीना बिसेन के हाथों में दिया गया । आपको बता दे की मीना बिसेन का जन्म बालाघाट जिले के कटंगी तहसील के सिरपुर गांव में हुआ था मीना बिसेन सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में शुरू से ही सक्रिय रही है साथ ही इनके पिता लोचन लाल ठाकरे प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री और मीसाबंदी रहे । मीना बिसेन के ससुर जागेश्वरनाथ बिसेन भी दो बार विधायक रह चुके हैं। महिला नेत्री मीना बिसेन तीन बार जनपद पंचायत सदस्य और दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं अपने राजनीतिक कैरियर में वे एक बार की जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी है वर्तमान में भाजपा की प्रदेश प्रतिनिधि हैं।

### यात्रियों को रामेश्वरम किया रवाना

**पांढुर्ना।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आज स्थानीय रेलवे स्टेशन से जिले के 179 तीर्थयात्रियों को पूर्व शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड, नपा अध्यक्ष पांढुर्ना संदीप घाटोडे, पूर्व नपा अध्यक्षा मीनाक्षी खुरसंगे, एसडीएम पांढुर्ना नेहा सोनी तथा तहसीलदार विनय ठाकुर के अलावा अनेक जनप्रतिनिधिगण रवाना करने स्टेशन पर पहुंचे थे। यह समस्त तीर्थयात्री पवित्र धाम रामेश्वरम् जाने के लिए निकले है। इस अवसर पर पार्षद महेंद्र घोडे, प्रदीप जुननकर, लोचन खवसे, उमेश अुरकुडे, राजू रेवतकर एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# बिना बेस गिट्टी डाले बनवा दी उपयंत्री ने सी सी रोड, उपयंत्री का दावा मजबूत बन रही सड़क





## स्वीकृति अनुसार निर्माण न करने की बात स्वीकारी

**मवई।** भ्रष्टाचार का केंद्र बनी जनपद पंचायत मवई आय दिन चर्चा में रहती है।बात चाहे बिना काम किए राशि आहरण की हो या नियमों मापदंडों को दरकिनार कर निर्माण कार्यों की हो।यहां पदस्त अधिकारी कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर तकनीकी स्वीकृति के विपरीत पंचायतों मैं निर्माण कार्य करवा रहे है हाल ही में ऐसा एक और मामला सामने आया है।जनपद पंचायत मवई अंतर्गत ग्राम पंचायत मडफ़ा जहां लगभग 5 लाख रुपए की लागत से 120 मीटर लंबी सी सी रोड पंचायत द्वारा बनाई जा रही है आश्चर्य की बात है इस सी सी रोड में तकनीकी स्वीकृति में दिए माप दंडों को कर किनार करते हुए बिना बेस गिट्टी बिछाए शॉर्ट कट में सीधा 20 एमएम गिट्टी डाल कर 4 दिन में रोड बना दी गई।

### ग्रामीणों के विरोध के बाद भी बनवा दी सड़क

स्थानीय ग्रामीणों और वार्ड पांचों के विरोध के बाद भी लगभग 5 लाख की स्वीकृति राशि से बन रही 120 मीटर सड़क का निर्माण बिना तकनीकी मापदंडों के ही जिम्मेदार अधिकारी उपयंत्री और एसडीओ के संरक्षण मैं करवा लिया गया। उक्त सीसी रोड की मोटाई 20 सेंटीमीटर होना था लेकिन इसे 8-9 सेंटीमीटर मोटा ही बनाया गया। रोड मैं न तो बेस डाला गया है न ही वाइब्रेटर का उपयोग किया गया। और न ही रोड मैं पानी निकासी के लिए ढलान दिया गया। निर्माण स्थल मैं ग्रामीणों के विरोध की जानकारी फोन के माध्यम से जनपद के जिम्मेदार अधिकारी एसडीओ श्री गोकुल वट्टी को दी गई।पंचायत के द्वारा बिना जानकारी दिए ही रोड निर्माण कार्य करवाया जा रहा है उपयंत्री को भेज कर जांच करवाता हू कहकर एसडीओ के द्वारा अपना पल्ला झाड़ लिया गया। वही निर्माण स्थल पर गए उपयंत्री सूरज नगपुरे के द्वारा बताया गया की बिना बेस डाले ही मजबूत सड़क का निर्माण कराया गया है। लेकिन जब बिना तकनीकी मापदंडों के ही निर्माण कराना है तो फिर तकनीकी स्वीकृति लेना समझ से परे है।ग्रामीणों का आरोप ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में उपयंत्री समेत जनपद में पदस्त जिम्मेदारों की है मिलीभगत ग्राम के विकास और आम जन की सुविधाओं के लिए शासकीय राशि से निर्मित सी सी रोड निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती जा रही है स्वीकृत तकनीकी संरचना के अनुसार निर्माण होने पर वर्षों तक रोड का उपयोग आम जन करते वा इसका लाभ लंबे समय तक ग्रामीणों को मिलता किंतु स्वीकृत स्टीमेट के विपरीत उप यंत्री के द्वारा बिना बेस की रोड भगवान भरोसे बन गई न जाने कब उखड़ जाए या कब एक बारिश में ही अपने स्थान पर धस जाए इसकी कोई गारंटी नहीं शासन की राशि का इस तरह नियम विरुद्ध तरीके से निर्माण कर आम जन एवं शासन की आंखों में धूल झोंकने का कार्य किया जा रहा है।

### मिट्टी युक्त रेत का किया जा रहा उपयोग

जानकारों के अनुसार सीमेंट से निर्मित किसी भी निर्माण में मुख्य भूमिका रेत की होती अगर गुणवत्ता युक्त निर्माण करना है तो उचित साफ रेत का उपयोग किया जाता है किंतु उक्त सड़क में मिट्टी युक्त खराब रेत का उपयोग किया जा रहा जिससे बहुत जल्द रोड खराब हो सकती है।

### इनका कहना है-

ग्राम पंचायत मडफा में सी सी रोड कार्य स्वीकृत है किंतु सी सी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ की जानकारी नहीं है उपयंत्री से जानकारी लेकर कार्य स्थल पर उपयंत्री को भेजता हूं।

**गोकुल वट्टी**
एस.डी.ओ (आर. ई. एस. जनपद मवई)

तकनीकी स्वीकृति के अनुसार में सी सी रोड में पहले 40 एम. एम . की बेस डालने का है किंतु बिना बेस डाले ही बहुत मजबूत रोड बन रही है

**सूरज नगपुर**
उपयंत्री

स्थानीय जनपद सदस्य के बोलने के बाद भी बिना बेस डाले सीसी रोड का गुणवत्ताहीन निर्माण पंचायत द्वारा करवाया जा रहा है।

**रामदयाल धुर्वे**
स्थानीय ग्रामीण

पंचायत के बिना प्रस्ताव के सरपंच के द्वारा सीसी रोड में बिना बेस डाले बिना मापदंड के निर्माण करवाया जा रहा है।

**रामबाई**
वार्ड पंच

# परीक्षाओं के समय जिला स्तरीय एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण पर उठ रहे सवाल



**मण्डला।** अपर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र भोपाल के निर्देशानुसार, 21 नवंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा सेकेण्डरी एजुकेशन जिला मंडला द्वारा 14 जनवरी 2025 को आदेश जारी किया गया कि कक्षा 9वीं एवं 10वीं के शिक्षकों के लिए 01 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। यह प्रशिक्षण गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, संस्कृत, और हिन्दी विषयों के लिए 17 जनवरी से 24 जनवरी 2025 तक शासकीय रानी अंवती बाई कन्या उमावि मंडला में प्रात 10:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। हालाँकि, इस प्रशिक्षण के समय को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। शिक्षक समुदाय का कहना है कि 16 जनवरी से कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है और 3 फरवरी से कक्षा 9वीं और 10वीं की वार्षिक परीक्षा भी प्रारंभ हो रही है। ऐसे में इस समय शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित करना उचित नहीं है। शिक्षकों का मानना है कि यह प्रशिक्षण नवम्बर या दिसम्बर माह में किया जाना चाहिए था, ताकि यह परीक्षा कार्य में विघ्न उत्पन्न न करे। शिक्षकों के अनुसार, परीक्षा के समय यह प्रशिक्षण बच्चों की पढ़ाई और स्कूल के परीक्षा कार्य पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। इस समय में प्रशिक्षित करने से स्कूलों में परीक्षा व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है यहां तक कि यदि शिक्षक प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जो शिक्षकों के लिए अतिरिक्त दबाव का कारण बन सकती है वहीं विभागीय जन चर्चा मे है की यह प्रशिक्षण केवल शासन द्वारा जारी बजट को समाप्त करने की दृष्टि से आनन-फानन में किया जा रहा है।

### इनका कहना है-

इस प्रशिक्षण में परीक्षा से संबंधित ट्रिप्स बताए जाते हैं , माह नवम्बर, दिसंबर मे प्रशिक्षण हो चुके हैं यह अंतिम प्रशिक्षण है।

**मुन्नी बरकडे**
जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा सेकेण्डरी एजुकेशन जिला मंडला

# महिष्मति माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा 2025 के आयोजन को लेकर पहली बैठक



**मण्डला।** महिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा 2025 के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर पहली बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 17 जनवरी 2025, शुक्रवार को शाम 5 बजे मंडला स्थित जनपद सभागार में होगी। आयोजन समिति ने इस बैठक में सभी गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है।आयोजन का महत्वमहिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा मंडला जिले का एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। यह आयोजन न केवल मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का अवसर है, बल्कि जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी उजागर करता है। परिक्रमा में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जो इसे एक पवित्र और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनाता है।बैठक का उद्देश्यइस बैठक का मुख्य उद्देश्य परिक्रमा के आयोजन की रूपरेखा तैयार करना, व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना और सभी संबंधित पक्षों के सुझावों को शामिल करना है। आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे यात्रा मार्ग, स्वागत स्थलों की व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता और जलपान प्रबंध पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यावरण जागरूकताद वायरल । दैनिक डिजिटल एडिशन (AI.I)अभियानों की योजना भी बनाई जाएगी।समाज का सहयोग आवश्यकआयोजन समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस बैठक में शामिल होकर अपने सुझाव दें और इस पवित्र आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें। यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि जिले के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान का माध्यम भी है।बैठक में सभी गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से न केवल आयोजन को दिशा मिलेगी, बल्कि यह सभी के सामूहिक प्रयासों से अधिक भव्य और प्रभावशाली बनेगा।विशेष आमंत्रणमंडला और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले सभी श्रद्धालु और समाजसेवी इस बैठक में शामिल होकर आयोजन का हिस्सा बनें। आयोजन समिति ने सभी से अपील की है कि वे अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस पवित्र परंपरा को और अधिक सफल बनाने में योगदान दें।स्थान और समयजनपद सभागार, मंडला17 जनवरी 2025, शुक्रवारशाम 5 बजेआपकी उपस्थिति इस आयोजन को अधिक भव्य और सार्थक बनाएगी।

# फाइटर मंडला और नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश







**मण्डला।** आजाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया के तत्वाधान में आयोजित आजाद कप सीजन-3 टी-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार का पहला मुकाबला फाइटर मंडला और फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला के बीच खेला गया। जिसमे फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने निर्धारित 20-20 ओवरो के इस मैच में 6 विकेट खोकर 150 रन बनाये। जिसमे फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला की ओर से बल्लेबाजी में रियान ख़ान ने 43 सत्यम बर्मन ने 42 रन दिग्विजय ने 20 रन और शेख आरिफ ने 12 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। फाइटर मंडला की ओर से गेंदबाजी में राहुलदेव ने और राहुल उइके ने 2-2 विकेट और नितिन यादव ने 1 सफलता अर्जित की। 151 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाइटर मंडला की बेहतरीन बल्लेबाजी ने इस मैच को बड़ी आसानी से जीत लिया। फाइटर मंडला की ओर से बल्लेबाजी में योगेंद्रराज ने नाबाद 74 रन नील निकेश ने 23 रन राहुल उइके ने 21 रन और शुभम बारिक ने नाबाद 13 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला की ओर से गेंदबाजी में यासिर दिग्विजय और ललित ने एक 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार फाइटर मंडला ने इस मैच को 7 विकेटों से जीतकर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैंन ऑफ़ द मैच फाइटर मंडला के योगेंद्रराज और स्टायलिश प्लेयर फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला के रियान राज रहे। इस मैच के निर्णायक आकाश बर्मन और उमेश बैरागी रहे। प्रतियोगिता में गुरुवार के दिन का दूसरा मुकाबला नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर और पंचशील बरघाट के बीच खेला गया। जिसमे नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर ने निर्धारित 20-20 ओवरों के इस मुकाबले में 9 विकेट खोकर 203 रन ही बनाये। जिसमे ब्रजेश पटेल ने 56 रन यश यादव ने 37 रन निखिल ठाकुर ने 33 रन मोहित शुक्ला 21 रन और गगन ने 19 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। पंचशील बरघाट की ओर से गेंदबाजी में सूरज और अक्षय ने 2-2 विकेट बंटी आदिल हातिम हर्षित और अभिषेक ने 1-1 सफलता अर्जित की। 204 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंचशील बरघाट की पूरी टीम 72 रनों में सिमट गई। पंचशील बरघाट की ओर से बल्लेबाजी में पवन ही एक मात्र बल्लेबाज रहे जिन्होने दहाई का आंकड़ा पार किया और नाबाद 37 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर की ओर से गेंदबाजी में शुभम यादव ने 3 विकेट अफ़सर ख़ान ने 2 विकेट देवांश गगन और आरव ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मुकाबले को नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर ने आसानी से इस मैच को 131 रनों से जीत कर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर के शुभम यादव और स्टाइलिश प्लेयर पंचशील बरघाट के पवन रहे।इस मैच में निर्णायक की भूमिका आकाश बर्मन और नयन अग्रवाल ने निभाई एवं स्कोरर विशाल कछवाहा रहे। शुक्रवार के दिन पहला मुकाबला ड्रीम इलेवन मंडला एवं ब्लैक पैंथर मंडला के बीच सुबह 10:00 बजे से और शुक्रवार के दिन का दूसरा मुकाबला दोपहर 1:30 बजे से आर.एस. छिंदवाड़ा और मेकल स्पोर्ट्स क्लब मंडला के बीच खेला जायेगा।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का भाजपा जिला कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत



### नगर भाजपा सहित जिलेभर के कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत



**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा का भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में नगर भाजपा एवं जिलेभर के मण्डलों से आये कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य व आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मण्डला सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष बालकिशन खण्डेलवाल, प्रमोद सिंघई, रतनसिंह ठाकुर, रोचीराम गुरवानी सहित भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्षगण, जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संयोजक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा के कार्यालय आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे तथा आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया तथा मिठाईयां बांटी गयी। आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि मुझे आशा है कि पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा आने वाले समय में पार्टी को और नई उँचाईयों तक ले जायेंगे एवं संगठन को मजबूत करने में अपना समर्पित योगदान प्रदान करेंगे। केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जिले के सभी कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं को ध्यान रखते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेगे और भारतीय जनता पार्टी को नयी गति देंगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने जो विश्वास जताया है उसमें पूरी तरह से खरा उतरें ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के निरंतर विकास के लिए पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने का प्रयास करूंगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के हित और संरक्षण के लिए संगठनात्मक रूप से हमेशा तत्पर रहूँगा उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पिछले कार्यकाल में किये गये कार्यों को और अधिक गति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हम सब मिलकर करेंगे उन्होंने कहा कि जिलेभर के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूँगा। मंचीय स्वागत कार्यक्रम के पूर्व सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष शिव रानू राजपूत एवं आभार सुदीप ब्रजपुरिया ने व्यक्त किया।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ



**मण्डला।** संगीतमय देवी भागवत महापुराण एवं सूर्य यज्ञ का आयोजन स्थानीय सुभाष वार्ड कीर्ति माता कैंपस में 16 जनवरी से आरंभ हुआ। सिंधी पंचायत के तत्वाधान में जनमानस की खुशहाली एवं परिवारों की सुख शांति के लिए महापुराण एवं सूर्य यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित सनद महाराज के सानिध्य एवं प्रेरणा स्त्रोत स्वामी बाल प्रेम जी महाराज ईडन गार्डन लालीपुर की उपस्थिति में गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं, महिलाएं सिर पर कलश लेकर उपस्थित रहीं,कलश यात्रा पुराण स्थल से ढोल बाजे और मां रेवा के जयकारे के साथ निकाली गई, पीपल घाट पर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई,इसके उपरांत यात्रा पुराण स्थल पहुंची जहां पर विधिवत पूजन अर्चन के साथ शुभारंभ किया गया। बताया गया कि इस अवसर पर प्रतिदिन संस्कृत पाठ प्रातः 8 बजे से 11 तक आयोजित रहेगा। संगीतमय कथा रोजाना दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक आयोजित रहेगी। भागवत महापुराण एवं सूर्य यज्ञ का समापन 24 जनवरी को किया जाएगा।इस अवसर पर पूर्ण आहूति, कन्या भोज एवं आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। आयोजन कर्ताओं ने इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में धार्मिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने एवं आयोजन को सफल बनाने के लिए अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सौतेली मां की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**डिंडोरी।** मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि, थाना समनापुर के अप0क्र0 304.2023 सत्र प्रकरण क्रमांक 74.2023 के आरोपी जगदीश हरदहा पिता भददू हरदहा उम्र 45 वर्ष निवासी चांदपुर थाना डिण्डौरी को अपनी सौतेली मां का गला घोंटकर हत्या करते तथा शव को पत्थर से बांधकर कुंआ में फेंकने के मामले में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी द्वारा आरोपी को धारा 302 भादवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 2000 के अर्थदण्ड, धारा 201 भादवि के अपराध के लिए 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदण्ड तथा धारा 404 भादवि के अपराध के लिए 02 वर्ष सश्रम कारावास 1000- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर क्रमशरू 06 माह, 03 माह, 03 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया।

### आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 2 प्रकरण कायम



**डिंडोरी।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु 15 जनवरी 2025 को आबकारी विभाग वृत्त डिंडोरी में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी श्रीमती नंदनी बाई ग्राम डिंडोरी वार्ड नंबर 2 से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, सुरेन्द्र ग्राम डिंडोरी वार्ड नंबर 2 से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, जप्त हुई, जिसकी कुल मात्रा 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब व अनुमानित कीमत 2600धृ- रुपए है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) "क" तहत पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी एम. आर. उइके के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक राम भरोस ठाकुर, मनीष उईके, श्रीमती करिशमा सलामे द्वारा किया गया।

### अयोध्या धाम की यात्रा के लिए अब 26 मार्च को रवाना होगी विशेष ट्रेन

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम की यात्रा हेतु विशेष ट्रेन 19 जनवरी को रवाना होनी थी तथा 24 जनवरी को जिले में वापस होनी थी। अब यह ट्रेन 26 मार्च को अनूपपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम की यात्रा हेतु रवाना होगी तथा 31 मार्च को जिले में वापस होगी। उक्ताशय की जानकारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक केके सोनी ने दी है।

### दुर्ग-कटनी स्टेशनों के मध्य दो कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

**अनूपपुर।** प्रयाग राज में महाकुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-कटनी-दुर्ग के मध्य कुल 4 फेरों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। गाड़ी संख्या 08761/08762 दुर्ग-कटनी-दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन दिनाँक 31 जनवरी, 05 एवं 28 फरवरी 2025 को चलेगी। गाड़ी संख्या 08793/08794 दुर्ग-कटनी-दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन दिनाँक 14 फरवरी 2025 को चलेगी। इस ट्रेन में 01 एसी-2, 01 एसी-3, 14 स्लीपर, 04 जनरल एवं 02 एसएलआर/ आरडी सहित 22 कोच के साथ रहेगी।

### निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 24 जनवरी तक स्वीकार

**अनूपपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन अब 24 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

## विधायक ओमप्रकाश धुर्वे डिंडौरी क्लस्टर में आयोजित शिविरों में हुए शामिल

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आज तक 35493 आवेदन प्राप्त

मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर जिले के सभी सात विकासखंडों एवं नगर परिषद में आयोजित किये जा रहे हैं, अभियान के तहत 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से निरंतर जनशिविर आयोजित किये जा रहे है।






डिंडोरी।

इसी क्रम में आज गुरुवार को डिंडौरी की ग्राम पंचायत पलकी, मुड़ियाकला, मुड़ियाखुर्द, रकरिया और शाहपुर एवं जनपद पंचायत करंजिया की ग्राम पंचायत मानिकपुर, भलखोहा, मूसामुण्डी, धावाडोंगरी और मोहतरा में शिविर का आयोजन किया गया। डिंडौरी क्लस्टर में आयोजित जन शिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए, जिसमें उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत पलकी में विधायक धुर्वे ने 15वें वित्त के तहत एक सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मुड़ियाकला में परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत रकरिया में परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य एवं सामुदायिक शौचालय और ग्राम पंचायत शाहपुर में घुंसी नदी का घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग को केंद्रित कर जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया जा रहा है। कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने का लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। विधायक धुर्वे ने वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान विधायक धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जनवरी तक जिले के सभी सात विकासखंडों और दो नगर परिषद से कुल 35493 आवेदन शिविरों के माध्यम से प्राप्त किये जा चुके है। जिनमें से 32998 आवेदन स्वीकार किये गए है। डिंडोरी शहरी क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल 821 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 795 आवेदन स्वीकृत किये गए। इसी प्रकार डिंडोरी ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6891 आवेदन में से 6623 ,शहपुरा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 5223 आवेदन में से 5060, समनापुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 5096 आवेदन में से 4737, बजाग में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 4926 आवेदन में से 4551, मेहंदवानी में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 2838 आवेदन में से 2466, अमरपुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6598 आवेदन में से 6532, करंजिया में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 2844 आवेदन में से 2061 आवेदनों को स्वीकार किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर आवश्यक निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक



डिंडोरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर बैद्यनाथ वासनिक सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, पीएम किसान, आधार लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना की विस्तार से समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि वर्तमान में बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, सीमांकन,परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं तथा लंबित प्रकरणों पर सतत रूप से कार्य जारी है। कलेक्टर श्री सिंह ने बटांकन, आरओआर खसरे की लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री में दिए गए लक्ष्यों को गंभीरता से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने तत्संबंध में तहसीलवार सभी तहसीलदारों से प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पटवारियों की नियमित बैठक लेकर उन्हें प्रतिदिन के अनुसार लक्ष्य दें और सतत मॉनीटरिंग करें। समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने कार्यक्षेत्र में जाकर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन लक्ष्य बनाकर सतत कार्य करें। ऐसे अधिकारी या कर्मचारी जिनके क्षेत्र में कार्य प्र्गति अपेक्षाकृत नहीं है, ऐसे संबंधित अधिकारियों को नोटिस देकर आगामी कार्यवाही के लिए प्रस्ताव दें। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें।

कलेक्टर ने आर.बी.सी. 6-4 के प्रकरण, सीएम हेल्पलाईन, शासकीय भूमि आवंटन के प्रकरण, अतिक्रमण हटाने की जानकारी सहित अन्य राजस्व मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रकरण अधिक लंबित न हों, इसके लिए प्राथमिकता से कार्य करें।



# अवैध रूप से धान विक्रय करते पाये जाने पर किया गया जब्त

डिंडोरी।

एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा के नेतृत्व में राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने 15 जनवरी को रात्रि में एसआरएल गोदाम शहपुरा के धान खरीदी केन्द्र में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तुलसीराम साहू द्वारा विक्रय हेतु लाई गई धान की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गई इस प्रकार अवैध रूप से धान विक्रय करते पाये जाने पर धान को जब्त कर गोदाम मालिक को सौंप दिया गया। उक्त अवैध धान के 50 बोरे जब्त किये गए, जिसका वजन 21.36 क्विंटल पाया गया। एसडीएम वर्मा के निर्देशन में मौके पर पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्यवाही के निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार शहपुरा पुष्पेन्द्र पेन्द्रे, नायब तहसीलदार शहपुरा शैलेष गौर, सहायक खाद्य अधिकारी जयंत असराठी उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष ने अमरकंटक पहुँचकर मां नर्मदा का लिया आशीर्वाद




**हरिभूमि न्यूज डिण्डोरी-** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल अमरकंटक पहुचकर मां नर्मदा जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही गाड़ासरई, गोरखपुर एवं करंजिया में भाजपा संगठन के वरिष्ठजनों के निवास में भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती, सोशल मीडिया जिला संयोजक पवन शर्मा, वरिष्ठ नेता सरमन सिंह ठाकुर, जय सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, राजकुमार मोंगरे, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद, शिवराम राजपूत, अशोक शर्मा, जगदीश धुर्वे, अजय साहू, नरेश चंदेल, लामू सिंह नेताम ऋतुराज टांडिया, पुष्पेंद्र तेकाम शाहिद भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ग्राम मौजूद रहें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की समीक्षा बैठक



डिंडोरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागर में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री शानू चैधरी सहित सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक, सहकारिता निरीक्षक, समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सहकारिता विभाग के संचालित कार्यां एवं धान उर्पाजन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कृषि क्षेत्र में दिये जाने वाले टर्म लोन, अमानत संग्रहण, रबी ऋण वितरण, मांग वसूली की स्थिति, सोसायटियों के कम्प्यूटरीकरण के संबंध में शाखावार जानकारी ली। कृषि टर्म लोन के संबंध में कलेक्टर ने एक माह में लक्ष्य पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि टर्म लोन के लक्ष्य पूरे नहीं होने पर संबंधितों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सहकारिता निरीक्षक और ऑडिटरों को प्रतिदिन धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# एचएमएस यूनियन रामपुर के तानाशाही के खिलाफ जंग

### 50 में से 31 सदस्यों ने एचएमएस यूनियन से दिया सामूहिक इस्तीफा

**अनूपपुर।** रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में लगभग 50 लोगों में से 31 लोग एक साथ इस्तीफा कार्यकारिणी को सौंप दिए हैं। बताया जा रहा है कि कार्यकारिणी के तानाशाही रवैया से एसईसीएल कर्मचारी काफी नाराज थे और जब उनकी बात नहीं सुनी जा रही थी तब उन्होंने अपना सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक यूनियन में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया जाना था जिसमें पूर्व में यूनियन में रहे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव से बिना पूछे ही कार्यकारिणी ऊपर से अपने पैसे लेकर और दूसरे को पद नियुक्ति कर दिए जिसको लेकर 50 में से 31 लोग इस्तीफा सौंप दिए और अपना इस्तीफा बिलासपुर हेड क्वार्टर तक भेज दिए। वरिष्ठ नेता राकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यकारिणी मे हम लोगों की बात नहीं सुनी जा रही थी और कार्यकारिणी विपरीत कार्य करती थी जिसको लेकर हम सभी 31 लोग कार्यकारिणी से इस्तीफा दे दिए हैं। उन्होने कहा कि अब वह कार्यकारिणी एसईसीएल में किसी काम की नहीं रह गई है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग की गड्ढों से बढ़ रही दुर्घटना

### विभागीय हीला हवाली की खोल रहे पोल



**कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 का सफर खतरों से भरता जा रहा है। हाईवे की रोड पर जगह-जगह उभर आई दरारें और कई पुलियों के बीच बने गड्ढों से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। कई जगहों पर सड़क पर बनी दरारें और गड्ढों को भरने के लिए काम चलाऊ तरीके से थेगडी लगाए गए थे जो वाहनों की धमक से उखड़ चुके हैं। कोतमा से बेलिया फाटक एवं कोतमा से अनूपपुर के बीच सड़क में दर्जन व से अधिक जगहों पर हाईवे की टूटी-फूटी सड़क विभागीय हीला हवाली की पोल खोल रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब टोल टैक्स के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की वसूली की जा रही है तो सड़क की मरम्मत क्यों नहीं कराई जा रही है। हाईवे में कोतमा अनूपपुर के बीच कोतमा नगर से बाहर निकलते ही वन डिपो के पास एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 कोतमा से मनेद्रगढ़ जाने वाले रास्ते में भारत पेट्रोलियम टंकी के आगे पुल के ऊपर सहित कोतमा बिजुरी जाने वाले रास्ते में कई जगह छोटे-छोटे गड्ढे बन गये हैं। इन गड्ढों को भरने के लिए सीमेंट से पैच वर्क कराया गया था लेकिन हर बार सीमेंट भरने के बाद कुछ ही दिन में उखड़ जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### इंदिरा स्कूल की छात्राओं ने किया जल संयंत्र केन्द्र का भ्रमण



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर पालिका परिषद गोटेगांव में केंद्र शासन की महत्वपूर्ण अमृत 2.0 योजना अंतर्गत हिडकी ग्राम स्थित जल संशोधन संयंत्र केंद्र का भ्रमण नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित इन्द्रिरा कन्या शाला की छात्राओं को कराया गया जिसमे छात्राओं को संयंत्र में जल शोधन की जानकारी दी गई तथा राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत जल शपथ ग्रहण कराई गई साथ ही अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर में चल रहें निर्माण कार्यों जैसे जल प्रदाय पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य, ग्रीन स्पेस पार्क निर्माण कार्य एवं वाटर बॉडी रिजूवनेशन कार्य की जानकारी छात्राओं को दी गई एवं योजना की जानकारी जन जन को पहुंचाने के उद्देश्य से पतंग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया इस दौरान नपा के अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय की छात्राएं शिक्षक उपस्थित रहे।

### मजदूरी करने गई महिला को नींद की गोली खिलाकर किया दुष्कर्म

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की गई। शिकायत मे बताया गया कि वह तीन सौ रूपये दिन से मजदूरी का कार्य करने के लिए आरोपी के यहां मजदूरी करने जाती थी। जहां पर आरोपी द्वारा नीद की गोली खिलाकर दुष्कर्म करने की बात कही गई है। महिला ने बताया कि वह शादीशुदा है तथा उसकी 4 बच्चियां एवं पति है। शिकायत देकर महिला द्वारा कार्रवाई की मांग की गई।

### महिला ने खाया जहर, मौत

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र गाडरवारा द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि सविता पति मनोज पाली उम्र 28 वर्ष निवासी बारह बड़ा द्वारा अपने से ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र गाडरवारा ले गये जहां पर हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां पर डाक्टर द्वारा परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### सहायक कलेक्टर श्री यादव को सीएमओ नपा तेंदूखेड़ा का प्रभार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने प्रशासकीय कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आगामी आदेश तक सहायक कलेक्टर एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तेंदूखेड़ा शुभम कुमार यादव को अपने कार्य के साथ- साथ अस्थायी तौर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेंदूखेड़ा का प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि 16 नवम्बर 2024 को जारी कार्यालयीन आदेश द्वारा सहायक कलेक्टर श्री यादव को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तेंदूखेड़ा का प्रभार सौंपा गया था। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है।

### संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** नरसिंह बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में 17 से 19 जनवरी 2025 तक संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजन खेल एवं युवा कल्याण द्वारा नवनिर्मित बेडमिंटन हाल चर्च ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर श्रीमती मृगाखी डेका आईपीएस द्वारा सुबह 11.00 बजे किया जावेगा। प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों से पुरुष एवं महिला प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

श्री गणेश देवस्थानम सिद्ध पीठ में तिल चतुर्थी महोत्सव पर लगेगा मेला

**बप्पा को लगेगा तिल के लड्डुओं का भोग**

# दर्शन-पूजन से हरेंगें संकट

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सनातन धर्म परंपरानुसार वेद पुराणों में वर्णित है कि माघ मास की तिल संकटा चतुर्थी पर प्रथम पूज्य गणनायक के दर्शन व पूजन से भक्तों के संकट हरते हैं और मनोकामना पूरी होती है। इस वर्ष आज 17 जनवरी शुक्रवार को हर वर्ष की तरह सुप्रसिद्ध श्रीगणेश देवस्थानम सिद्ध पीठ में तिल के लड्डुओं का विशेष भोग लगेगा व एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के व्यवस्थापक पं शैलेष पुरोहित ने बताया कि सूर्योदय के बाद गणाध्यक्ष का विधि-विधान से अभिषेक किया जाएगा। इसकी शुरुआत सिद्धपीठ के संस्थापक स्वर्गीय पं कृष्णकुमार जी पुरोहित ने तीन दशक पहले की थी।

### दर्शन से मिटेंगे संकट

सुप्रसिद्ध श्रीगणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ के पुजारी आचार्य कृष्णकांत उदेनिया ने बताया द्वारा बताया गया कि धार्मिक मान्यतानुसार तिल चतुर्थी पर प्रथम पूज्य के भक्ति भाव से दर्शन, पूजा-पाठ व व्रत करने से तिल के बराबर भी संकट समाप्त होते है। इसलिए बड़ी संख्या में श्रद्वालु मंदिर पहुंचते है। बताया जाता है कि तिल चतुर्थी को तिल का भोग अर्पण करना, तिल का दान करना, तिल खाना आदि से जीवन मे तिल भर भी संकट नही रहते। इसी क्रम मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालु गणेश मंदिर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका व एमपीईबी से अपील की गई है।

### होगा आकर्षक श्रृंगार

आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि आज पूर दिन मंदिर खुला रहेगा तथा भक्तों दर्शन व पुण्य लाभ प्राप्त होगा। आज के दिन गौरी सुत का विशिष्ट श्रृंगार किया जाएगा। इसमें नए वस्त्र के अलावा चांदी के मुकुट, कुंडल व छत्र, सोने का तिलक आदि लगाकर विशिष्ट आह्वान किया जाएगा। इसके अलावा 25 फिट ऊँची धर्म ध्वजा भी फहराई जाएगी। धर्मप्रेमी जनों से धर्म लाभ की अपेक्षा की गई। मंदिर समिति द्वारा भक्तों के हितों को ध्यान मे रखते हुये सम्पूर्ण व्यवस्थायें की गई है तथा साफ सफाई बनाए रखने की बात कही गई है।

### मंदिर परिसर में आज लगेगा मेला

आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि तिल चतुर्थी पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों के लिए पूरे दिन मंदिर खुला रहेगा एवं मनमोहक मेले का आयोजित किया जा रहा है। मेले मे मुख्य रूप से किशन सेठ, वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन, इंजी.एम एस ठाकुर, आशीष सोनकिया, अजय साहू, अजय गिरधोनिया, महेश रजक, अभिषेक रेजा, अखिलेश साहू, संजय, राहुल व रोहित मेहरा, पप्पू पटेल, पवन नेमा, मोहित सराठे, सूरज पटैल, सुरेश पटैल, दुर्गेश कुमरे, नरेश कश्यप सहित सिद्धिविनायक आरती मंडल के सदस्यों की उपस्थिति रहेगी।



## बाल मजदूरी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस को आगाज इंटर्न श्रुति गुप्ता द्वारा एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला, सुरगी में बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं बच्चों को बाल मजदूरी से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया एवं बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई एवं उसकी उपयोगिता बताई, साथ ही शिक्षकों और बच्चों के बीच बाल मजदूरी करने से रोकने के लिए चर्चा की। उक्त अवसर पर के. एल. चंदोलिया एवं श्रीमती कौशल्या जाट, श्रीमती मीनाक्षी सेन एवं अन्य शिक्षकों के बीच बाल मजदूरी को लेकर चर्चा की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी रागनी मल्लाह, द्वितीय स्थान निधि मल्लाह और तृतीय स्थान विकास काछी ने प्राप्त किया।

## कर्मचारी संघ द्वारा मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मप्र अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में 46 सूत्रीय मांग रखी गई जिसमें पुरानी पेंशन सहित अन्य मांग शामिल है। ज्ञापन मे बताया गया है कि मांग पूरी ना होने पर हड़ताल की जावेगी। उक्त अवसर पर सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।



## मंत्री श्री सिंह का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार 17 जनवरी को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे और नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह शुक्रवार 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे सेवा सदर लक्ष्मी टाउनशिप में क्षेत्रीय गणमान्यों से सौजन्य भेंट करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। तदुपरांत अपरान्ह 3 बजे नगर चीचली में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात सायं 4.30 बजे ग्राम बरेली- कठौतिया में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और सायं 6 बजे गाडरवारा आयेंगे। यहां उनका समय आरक्षित रखा गया है।

### आनंद उत्सव के तहत विविध प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार जिले में 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत घाट पिपरिया, तिंदनी व करहैया नर्मदा के लिए प्राथमिक शाला तिंदनी में, पांसी, डोकरघाट व भरवारा के लिए प्राथमिक शाला भरवारा और पीपरपानी, उसरी व आलौद के लिए प्राथमिक शाला उसरी में आनंद उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

## केवलारी में एक कुण्डी महायज्ञ एवं शिवपुराण का शुभारंभ

**नगर के विभिन्न मार्गों से निकली भव्य शोभा यात्रा**





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

नगर के वर्धमान कॉलोनी में संगीतमय श्री शिव महापुराण एवं एक कुण्डी महायज्ञ का आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर कॉलोनी की सैकड़ों महिलाओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से बस स्टैंड,बाजार चौक,दुर्गा मंदिर, खेरमाई मंदिर होते हुए चांदनी चौक एवं नगर के विभिन्न मार्गो से निकलते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची।
कार्यक्रम की बेला में कॉलोनी में नवनिर्मित शिव मन्दिर में भगवान शिव एवं नंदी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी साथ ही 16 जनवरी से 24 जनवरी तक प्रतिदिन पंडित प्रवीण महाराज जी के मुखाग्र से संगीतमय श्री शिवपुराण का वाचन के बाद आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों द्वारा नगर और क्षेत्र में समस्त श्रद्धालुओं को आयोजन में पधारकर पुण्य लाभ लेने का निवेदन किया गया।

## नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे शिविर

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों व जनपद पंचायतों में क्लस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 जनवरी को नगर परिषद चीचली के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, बल्लभ भाई पटेल वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड व मंगल पांडे वार्ड के लिए बरिया मोहल्ला और नगर परिषद सांईखेड़ा के सरदार वल्लभ पटेल वार्ड के लिए आंगनवाड़ी भवन में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घाट पिंडरई, बारूरेवा व कल्याणपुर, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बढैयाखेड़ा व देवरीकला, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रांकई व ग्वारी, जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोलरी, खमरिया व नादिया के संबंधित ग्राम पंचायत भवन, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आड़ेगांवखुर्द के पंचायत मुख्यालय और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दहलवाड़ा, रम्पुरा व बिचुआ में शिविर लगाये जायेंगे।

## दो दिवसीय शैक्षणिक वार्षिक खेलों का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस सर्वोदय विद्यालय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम तथा संत मौनी महिला महाविद्यालय में शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार वार्षिक खेलों का शुभारंभ डॉ प्रकाश जैन प्राचार्य डॉश्रीमती किरणप्रभा जैन एवं कमल कुमार शास्त्री के द्वारा किया गया। जिसमें कबड्डी खो-खो वॉलीबॉल बैडमिंटन दौड़ गोला फेक भाला फेंक स्लो साइकिल आदि प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं ।इस मौके पर डॉ प्रकाश जैन ने स्पष्ट किया कि खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है आज के युग में विद्यार्थी खेलों के माध्यम से अपना कैरियर बना सकते हैं। डॉक्टर श्रीमती किरण प्रभा जैन एवं श्री कमल कमल जी शास्त्री ने भी अपने विचार रखें सभी ने खेलों की महत्ताको बताया। खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# विद्युत की विसंगति पूर्ण कार्यशैली को लामबंद हो रहे उपभोक्ता

**तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में चल रही विद्युत की विसंगति पूर्ण व्यवस्था को लेकर लंबे समय से परेशान उपभोक्ता अब लामबंद हो रहे हैं। और शीघ्र ही कोई बड़ा आन्दोलन होने की संभावनाएं बनती नजर आ रही है। कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी परमिट के नाम पर बिजली कटौती अब इनकी आदत में शुमार हो गया है।**

स्तिथि यह बनीं हुई है कि हर आधा घंटे में अघोषित रूप से बिजली का आने जाने से बिजली से चलने वाले सभी धंधे प्रभावित बनें हुए हैं। और बिजली से चलने वाले सभी धंधे हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। दुकानों का किराया फिर स्वयं की जीविका इसी बीच भारी विद्युत विलों की अदायगी किसी समस्या से कम नहीं है।

**केवल झाड़ पेड़ काटकर की जाती है मेंटेनेंस की इतिश्री**

तहसील मुख्यालय में बार बार बिजली गुल होना जहां चर्चाओं में बना रहता है। वहीं मेंटेनेंस होने का हवाला देकर उपभोक्ताओं को छला जाना फिर केवल झाड़ पेड़ काटकर बात फिर जहां की पहुंच जाना सोचनीय विषय बना हुआ है। लेकिन महत्वपूर्ण विषय तो यह भी है 11 के व्ही में तार गार्डिग की जगह एल टी तार ही डले हुये है। इससे कभी भी गंभीर हादसों की अशंका बनीं हुई है।एल टी केबिल भी जर्जर बनीं हुई है साथ ही ट्रांसफार्मरों की केबिल भी जली पड़ी हुई है कटाऊट बाक्स और खंबों में डिस्टीब्यूटर बाक्स भी नहीं लगे ना होने से खतरा और भी ज्यादा बना रहता है।जैसी तरह तरह की गंभीर विसंगतियां बनी हुई है उनके उचित निराकरण की जरूरत है।

### मजदूरी पड़ जाती है मंहगी

आम उपभोक्ताओं के साथ साथ कृषि यंत्र निर्माताओं का कहना है कि हमारे कारखानों में बहुत से मजदूर मजदूरी से काम करते हैं तो कुछ ठेका लेकर काम करतें हैं।केवल आठ घंटे ही काम किया करतें हैं।इसी बीच बिजली गुल हो जाने से आधा दिन इसी में निकल जाता है। तथा समय पर काम ना होने की स्थिति में ग्राहक वर्ग भी प्रभावित होता है।

### कम्प्यूटर फोटो कापी आटा चक्की व्यवसायी भी परेशान

आम आदमी की दिन चर्या में शामिल हो चुकी बिजली की अघोषित विद्युत कटौती से हर वर्ग परेशान बना हुआ है। स्थिति यह बनीं हुई है कि छोटे छोटे बिजली से चलने वाले दुकानदार भी परेशान हैं फोटो कापी कम्प्यूटर और आटा चक्की व्यवसायियों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि काम करते करते अचानक बिजली गुल हो जाने से काम प्रभावित हो जाता है।साथ ही इन्वेटर भी सही तरह से काम नहीं कर पाते हैं। यहां तक की बेटरी वेकअप की समस्या बनी हुई है। तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय के सभी वर्गों के उपभोक्ताओं ने विद्युत व्यवस्था सुधारने की बात कही है। एवं जो विसंगतियां बनीं हुई है शीघ्र निराकृत की जायें।